राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'रामनवमी' के सुअवसर पर बिहारवासियों को बधाई दी

पटना, 12 अप्रैल 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने रामनवमी पर्व के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि 'रामनवमी' पर्व भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में असीम भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

श्री टंडन ने कहा है कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम भारतीय संस्कृति और सदग्रंथों में शक्ति, शील और करूणा के निधान माने गये हैं। उनके जीवनादर्शों से मानवता को सत्य, प्रेम, मैत्री, त्याग, तपस्या, सद्भावना और शांति के पथ पर सदैव आगे बढ़ते रहने की सत्प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल ने रामनवमी पर्व को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के आदर्शों एवं संदेशों के अनुरूप प्रेम, भक्ति, बंधुत्व और उल्लास के साथ मनाये जाने का अनुरोध किया है।

....